6

उत्तराखण्ड सरकार

ई–मेल

राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड
मसूरी बाईपास रिंग रोड, लाडपुर, देहरादून पिन : 248001
Email: crc.ddn99@gmail.com, दूरभाष: 0135–2669415, फैक्स : 2669384

पत्रांक : 5717 /6– 060/2021–22/उ.पोर्टल/ दिनांक 31 मार्च, 2022.

कार्यालय ज्ञाप

प्रभारी मुख्य सचिव (लिंक ऑफिसर) उत्तराखण्ड शासन, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, देहरादून के पत्र संख्या 115/XXXIV (1)2022/21/2022 दिनांक 07 मार्च, 2022 के द्वारा राज्य सरकार द्वारा परियोजनाओं की प्रगति एवं बेहर अन्तर–विभागीय समन्वय स्थापित किये जाने के उद्देश्य से **उन्नति पोर्टल** (http:// **eservices.uk.gov.in**)की शुरूवावत की गई है। उक्त पत्र शासन द्वारा समस्त विभागाध्यक्ष, मण्डलायुक्त व जिलाधिकारियों को अनुवण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है व पत्र में निम्नानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश हैः–

1. उन्नति पोर्टल के माध्यम से विभागीय पंजीकरण अपनी शासकीय (NIC/GoV)/ई मेल आई0डी0 से करना सुनिश्चित करेंगे।
2- उन्नति पोर्टल के माध्यम से अपने अपने विभागों/जिलों के प्रस्ताव Milestone एवं तिथि अनुसार उन्नति पोर्टल में प्रविष्टि करना सुनिश्चित करेंगे।
3- उन्नति पोर्टल के माध्यम से विभागों के विकास कार्यों से संबंधित रू. 3.00 करोड़ से अधिक के प्रस्तावों को उन्नति पोर्टल में पंजीकृत करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही साथ ऐसे प्रस्ताव जो रू. 3.00 करोड़ से कम के हों, किन्तु राज्य के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण हो, को भी पोर्टल में पंजीकृत किया जा सकता है।
4- विभागाध्यक्ष एवं समस्त जिलाधिकारी उन्नति पोर्टल के माध्यम से अपने–अपने विभागों के प्रस्ताव का अनुश्रवण करेंगे।
5- उन्नति पोर्टल एवं इसका रखरखाव (Operation and maintenance) आई0टी0डी0ए0 द्वारा किया जायेगा। उन्नति पोर्टल के संबंध में आवश्यक सहयोग हेतु श्री स्वप्निल सुमन, बिजनेस एनेलिस्ट (उन्नति सपोर्ट पोर्टल) के मोबाइल नं0 9162854104 एवं ईमेल e-helpdesk@uk.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।

उक्त उन्नति पोर्टल के विभागीय पंजीकरण आदि की कार्यवाही हेतु विभागाध्यक्ष–राजस्व परिषद् स्तर पर श्री श्याम सिंह राणा, स्टाफ आफीसर, राजस्व परिषद् उत्तराखण्ड देहरादून को नामित किया जाता है तथा जिलाधिकारियों व परिषद् स्तर से संबंधित संबंधित अनुभागों के प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे राजस्व विभाग से संबंधित विभागीय योजनाओं के उन्नति पोर्टल में पंजीकरण/प्रविष्टि सुनिश्चित करने हेतु अपने स्तर पर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।

(चन्द्रेश कुमार)
आयुक्त एवं सचिव

क्रमशः...2

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1—निजी सचिव, प्र.मुख्य सचिव(लिंक आफीसर) सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, अनुभाग—1, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2—निजी सचिव, मा0 अध्यक्ष, राजस्व परिषद्, उत्तराखण्ड देहरादून।
3—आयुक्त गढ़वाल मण्डल पौड़ी/कुमायूँ मण्डल नैनीताल।
4—निदेशक, आई0टी0डी0ए0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
5—समस्त जिलाधिकारी उत्तराखण्ड।
6—उप राजस्व आयुक्त (भूमि व्यवस्था)राजस्व परिषद्।
7—प्र. उप राजस्व आयुक्त/सहायक राजस्च आयुक्त राजस्व परिषद्।
8—स्टाफ आफीसर राजस्व परिषद्, उत्तराखण्ड देहरादून।
9—वित्त नियंत्रक, राजस्व परिषद्, उत्तराखाण्ड देहरादून।
10—सहायक निदेशक, कृषि सांख्यकी/कृषि गणना, राजस्व परिषद्।
11—तकनीकी अधिकारी, डी.आई.एल.आर.एम.पी. राजस्व परिषद्।
12—गार्ड फाईल/विभागीय वेबसाईट।

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद
28.03.22